आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 26.05.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को सैन्य कार्रवाई के साथ भारतवासियों के मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति बताया।

- प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी के कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे–देश में विकास आधारित राजनीति की नई इबारत लिखी।

- राज्य के कई हिस्सों में हीटवेव का दौर जारी रहने के आसार–जयपुर, उदयपुर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना।

- प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए कार्यशालाएं होंगी–सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री ने ज्यादा से ज्यादा बुजुर्गों से लाभ लेने का आग्रह किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान का एकमात्र उद्देश्य भारत को नुकसान पहुंचाना है। वहीं भारत का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन करना और अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों के मजबूत होने से अर्थव्यवस्था सशक्त बनेगी। श्री मोदी आज गुजरात के दाहोद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि भारतवासियों के मूल्यों और भावनाओं की अभिव्यक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत घरेलू मांग को पूरा कर अन्य देशों को भी उत्पाद निर्यात कर रहा है।

000

प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन 2014 में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह देश के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ रहा, जिसने भारत में गठबंधन की राजनीति के 30 वर्ष के युग को समाप्त किया। देश की जनता से मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद श्री मोदी ने भारत के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में में शपथ ग्रहण की थी।

सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ श्री मोदी ने देश में विकास आधारित राजनीति की नई इबारत लिखी। बीते 11 वर्षों में देश ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बदलाव देखे हैं। भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। श्री मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

000

देश में इस शैक्षणिक सत्र में 15 विदेशी विश्वविद्यालय अपने कैम्प्स स्थापित करेंगे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बताया कि सरकार ने विदेशी विश्वविद्यालयों को इसकी अनुमति दे दी है। श्री प्रधान ने आज नई दिल्ली में ब्रिटेन के लिवरपूल विश्वविद्यालय के आशय पत्र सुपुर्दगी समारोह में ये बात कही। संवाददाताओं से बातचीत में प्रधान ने कहा कि लिवरपूल विश्वविद्यालय का संचालन अगले वर्ष से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के दो विश्वविद्यालयों ने गुजरात में शैक्षणिक सत्रों की शुरूआत की है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दिल्ली प्रवास पर हैं। आज उन्होंने राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों का जायज़ा लिया। इस दौरान श्री शर्मा ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने विकास कार्य तय समय सीमा पर पूरे करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। पुनर्विकसित राजस्थान हाउस में कैफेटेरिया, कॉन्फ्रेन्स हॉल, योग कक्ष, पुस्तकालय और टेरिस गार्डन सहित कई सुविधाएं हैं।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 8वीं कक्षा के नतीजे आज घोषित कर दिये गये। परिणाम 96 दशमलव छह–छह प्रतिशत रहा है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाली जिले के रानी उपखंड स्थित डीओआईटी

कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ये परिणाम जारी किये। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

शिक्षा मंत्री इससे पहले एक निजी स्कूल में समर कैंप में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स और अन्य सामग्री को देखा। इसके बाद श्री दिलावर ने उतवन और बोमादरा में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।

000

राज्य के ज्यादातर हिस्सों में अगले दो दिनों में हीटवेव का दौर बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी हो सकती है। वहीं पश्चिमी हिस्सों के सीमावर्ती इलाकों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री दर्ज होने की संभावना है। शेष भागों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने के आसार हैं। अगले चार–पांच दिनों तक राज्य में कहीं–कहीं आंधी और गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। उदयपुर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कुछ स्थानों पर आज बरसात की संभावना है। इस बीच, पूर्वी हवाओं के असर से अधिकतम तापमान में कमी आई है। हमारी डीग संवाददाता ने बताया कि पिछले दो दिन से चल रहे अंधड़ से कई जगह बिजली के खम्भे और पेड़ गिर गए।

..............

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में 45 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ फलौदी सबसे गर्म रहा। पाली, जालौर, बीकानेर, बाडमेर, जैसलमेर, चित्तौडगढ और भीलवाडा में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

000

देश में मौसम के सटीक पूर्वानुमान के लिए आज हाई रिज़ॉल्यूशन वाली भारत पूर्वानुमान प्रणाली का शुभारंभ किया गया। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की ओर से शुरू की गई इस प्रणाली से पंचायत स्तर तक मौसम संबंधी सही जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ ही ज्यादा बारिश की गतिविधियों से निपटने में भी मदद मिलेगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने देश को ये मॉडल समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में बनी इस प्रणाली को पांच महिला वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। श्री सिंह ने कहा कि मौसम विभाग ने देश की अर्थव्यवस्था को चौथे स्थान पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले कुछ सालों में विभाग ने सटीक भविष्यवाणी कर संभावित नुकसान से बचाकर 50 हजार करोड़ से अधिक का योगदान दिया है।

000

सीमा सुरक्षा बल राजस्थान फ्रंटियर के महानिरीक्षक एम.एल. गर्ग ने ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ जवानों की तत्परता की सराहना की है। आज जोधपुर में बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय में प्रेसवार्ता में बीएसएफ आईजी श्री गर्ग ने सीमा सुरक्षा बल की परिचालन क्षमता और समन्वय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजस्थान के सीमावर्ती जिलों जैसलमेर, श्रीगंगानगर और बीकानेर में पाकिस्तान की ओर से लगातार ड्रोन गतिविधियां जारी रहीं। बीएसएफ ने सेनाओं के साथ मिलकर इन्हें नाकाम किया।

...............

000

प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 28 मई को जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग प्रदेश के सभी जिलों में भी कार्यशालाओं का आयोजन करेगा। इनके जरिए बुजुर्गों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के प्रयास किये जाएंगे। साथ ही साइबर सुरक्षा के बारे में भी जागरुक किया जाएगा। कार्यशाला में आहार, योग, मनोवैज्ञानिक परामर्श सहित विभिन्न सत्र होंगे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों से कार्यशाला से जुड़ने का आह्वान किया है।

000

जयपुर में रीको के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में वाणिज्यिक और आवासीय भूखंडों की ई नीलामी से आवंटन किया जा रहा है। जिले के 12 औद्योगिक क्षेत्रों में 11 आवासीय भूखण्ड और 27 गैर औद्योगिक आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। रीको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक के.के. कोठारी ने बताया कि इन क्षेत्रों में होटल, नर्सिंग होम तथा आवासीय भूखण्डों के लिए 9 जून तक आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि राईजिंग राजस्थान के तहत राज्य सरकार के साथ एमओयू कर चुके निवेशक भी इस ई–नीलामी में भाग ले सकते हैं।

000

प्रदेश में चिकित्सा विभाग की ओर से फलों और सब्जियों में मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 24 मई से शुरू हुए इस अभियान के तहत फलों और सब्ज़ियों को कृत्रिम रूप से पकाने और संरक्षित करने के लिए काम में लिए जा रहे रसायनों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही नमूने इकट्ठे कर हानिकारक रसायनों की जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे जा रहे हैं। ये अभियान 30 मई तक चलेगा।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। ये मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें पहले ही प्ले ऑफ में पहुंच चुकी हैं। लेकिन इनकी नजर यह मैच जीत कर शीर्ष दो में रहकर पहले क्वालीफायर में जगह बनाने पर होगी ताकि उन्हें फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलें।

000